अव्यवस्था | उच्च न्यायालय के बाहर रोज़ लगता जाम

पार्किंग सुविधा होने के बावजूद सड़कों पर खड़े वाहन

नवभारत, जबलपुर। नगर के मध्य में स्थित उच्च न्यायालय से घमापुर और कलेक्ट्रेट मार्ग से होते हुए शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जाना आसान नहीं रह गया है। इसके पीछे का कारण है उच्च न्यायालय क्षेत्र के बाहर मौजूदा पार्किंग व्यवस्था। न्यायालय परिसर में पार्किंग व्यवस्था मौजूद होने के बावजूद सड़कों पर खड़े वाहनों ने यातायात की चाल को प्रभावित कर दिया है। सड़क के एक तरफ लंबी कतार में खड़े दो और चार पहिया वाहन खड़े रहते है जो दर्शाने के लिए काफ़ी है कि पार्किंग नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। बता दे कि यह क्षेत्र उच्च न्यायालय और कई कार्यालयों के कारण दिनभर व्यस्त रहता है। ऐसे में सड़क किनारे की गई पार्किंग से मार्ग संकरा हो जाता है और वाहन चालकों को निकलने में कठिनाई होती है। खासकर दोपहर के समय पीक आवर्स में यहां जाम लग जाता हैं, जिससे लोगों को काफी समय तक फंसना पड़ता है।

ट्रैफिक सिस्टम की कमजोरी

आसपास के लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर जाम जैसे हालात बन जाते हैं। सड़क किनारे खड़े वाहनों के कारण बड़े वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है, वहीं दोपहिया वाहनों को भी गुजरने में काफी मुश्किल का सामना करना पड़ता है। उच्च न्यायालय जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में इस तरह की अव्यवस्था न सिर्फ ट्रैफिक सिस्टम की कमजोरी को दर्शाती है, बल्कि यह भी सवाल खड़ा करती है कि जब सुविधाएं मौजूद हैं, तो उनका सही उपयोग क्यों नहीं हो रहा।

इनका कहना है

अभी न्यायालय परिसर में कंस्ट्रक्शन का कार्य चल रहा है और वाहनों की संख्या ज्यादा होने की वजह से ये अव्यवस्था होती है। हमने अपना स्टाफ यहाँ लगाया हुआ है जो बीच में खड़ी गाड़ियों को स्टैंड में लगवाते हैं। कंस्ट्रक्शन का कार्य पूर्ण होते ही पार्किंग व्यवस्था फिर ठीक हो जाएगी।

शशि धुर्वे
थाना प्रभारी, यातायात

बाल संप्रेक्षण गृह गोकलपुर में दिया प्रशिक्षण

जबलपुर। प्रिंसिपल मजिस्ट्रेट रुचि गोलस सगर की उपस्थिति में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन द्वारा संचालित श्रीराम प्रथम स्किलिंग सेंटर के माध्यम से बाल संप्रेक्षण गृह गोकलपुर में करियर मार्गदर्शन व कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दीपक व काशीराम द्वारा बच्चों को टू-व्हीलर सर्विस टेक्नीशियन लेवल-फोर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही बच्चों को रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण, कौशल विकास व भविष्य में आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रेरित किया गया। बच्चों को करियर के संबंध में मोटिवेशनल स्पीच दी गई व सकारात्मक सोच, व्यक्तित्व विकास एवं अनुशासन के महत्व के बारे में बताया गया। बच्चों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर किशोर न्याय बोर्ड सदस्य यशवेंद्र ठगेले, संस्था अधीक्षक माधुरी रजक, अनुज शर्मा, हामिद खान, सचिन मेहरा, घनश्याम यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

गेहूं की कालाबाजारी के आरोपी पूर्व जिला प्रबंधक को झटका

जबलपुर। गेहूं की कालाबाजारी से जुड़े मामले में मध्य प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के पूर्व जिला प्रबंधक रवि सिंह को हाईकोर्ट से राहत नहीं मिली है। दरअसल, इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने रवि सिंह को अतिरिक्त आरोपी बनाकर समन जारी किया है। ट्रायल कोर्ट के उक्त निर्णय को रवि ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने कहा कि ट्रायल कोर्ट ने रिकॉर्ड में मौजूद साक्ष्यों पर विस्तृत विचार करने के बाद पाया कि याचिकाकर्ता की कथित अपराध में संलिप्तता दर्शाने वाली पर्याप्त सामग्री मौजूद है। उक्त मत के साथ हाईकोर्ट ने रवि सिंह की याचिका निरस्त कर दी।

उल्लेखनीय है कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत आवश्यक वस्तुओं के गबन और हेराफेरी के संबंध में एक आपराधिक मामला दर्ज किया गया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार 9 नवंबर 2014 को लगभग 50.63 क्विंटल वजन वाली 100 बोरियों गेहूं की एक खेप सरकारी उचित मूल्य दुकान संख्या 398 के नाम पर जारी की गई थी। हालांकि, निरीक्षण और जांच के दौरान, उक्त खेप निर्धारित वितरण चैनल से पूरी तरह से असंबद्ध स्थान पर पाई गई। गेहूं को उसके निर्धारित गंतव्य से हटा दिया गया था। अभियोजन के अनुसार फर्जी दस्तावेजों को तैयार उक्त परिवहन दिखाया गया था, जबकि गेहूं की आपूर्ति के लिए ऐसा कोई आदेश-चालान जारी नहीं किया गया था। याचिकाकर्ता उस समय राज्य नागरिक आपूर्ति निगम में जिला प्रबंधक के रूप में कार्यरत थे और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत वितरण तंत्र के पर्यवेक्षण और विनियमन के लिए उत्तरदायी थे। यद्यपि जांच पूरी होने पर दायर आरोपपत्र में याचिकाकर्ता को

कुल्हाड़ी से नृशंस हत्या करने वाले को उम्रकैद की सजा

बेलखेड़ा थाना क्षेत्र में पैसों के लेनदेन पर एक व्यक्ति की कुल्हाड़ी से नृशंस हत्या करने वाले आरोपी गुड्डू उर्फ मेर सिंह विश्वकर्मा को अदालत ने दोषी करार दिया है। पाटन अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक की अदालत ने आरोपी को आजीवन कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत के समक्ष विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि 17 जुलाई 2023 को बेलखेड़ा पुलिस को मनकेड़ी हार छरौआ रोड़ बखरी वाले खेत में बने मकान में कुंजीलाल नामक व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना मिली थी। पुलिस को मृतक के पुत्र तरवर सिंह ने बताया कि खेत में उसका नया मकान बन रहा है, जिसकी देख-रेख वह और उसके पिता कुंजीलाल करते थे। उक्त मकान में आरोपी द्वारा फर्नीचर का काम गुड्डू ऊर्फ मेर सिंह विश्व कर्मा पिता मेघराज विश्वाकर्माए उम्र 44 वर्ष, निवासी-ग्राम बम्होरी थाना ठेमी, जिला नरसिंहपुर द्वारा किया जा रहा था। 16 जुलाई 2023 को रात्रि नौ बजे तक उक्त निर्माणाधीन मकान में वह अर्थात् तरवर सिंह और आरोपी तथा मृतक कुंजीलाल साथ रहे और फिर तरवर सिंह आरोपी के लिए खाना लेने अपने पुराने घर चला गया और रात्रि करीब 10 बजे उसने निर्माणाधीन मकान में आकर आरोपी को खाना दिया और फिर वह अपने पुराने घर वापस चला गया और उस समय अभियुक्त गुड्डू मेर सिंह एवं मृतक कुंजीलाल के बीच पैसो का विवाद इतना हुआ कि अभियुक्त ने कुंजीलाल की कुल्हाड़ी मारकर निर्दयता से हत्या कर दी।

दोषियों पर सुनिश्चित की जाए कठोर कार्रवाई : शिवसेना

मेडिकल में 66 लाख रुपए के गबन मामले ने पकड़ा तूल

नवभारत,जबलपुर। नेताजी सुभाष चन्द्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 66 लाख रूपए के सरकारी धन के गबन के मामले में शिवसेना अब सामने आई है। गुरूवार को शिवसेना के जिला प्रमुख शैलू (सुजीत) पटेल के नेतृत्व में जिला कलेक्टर महोदय के नाम से तहसीलदार राजाराम कोल को ज्ञापन सौंपा गया और मांग की गई कि तत्काल एसआईटी, सीबीआई जांच बैठाकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों को तुरंत निलंबित कर एफ.आई.आर. दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए और गबन की गई 66 लाख की राशि की वसूली दोषियों से ब्याज सहित की जाए। इसके साथ ही मेडिकल विभाग का ऑडिट पिछले 5 वर्षों का कराए जाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन के दौरान शिवसेना के प्रदेश उप प्रमुख शैलेन्द्र बारी, जिला प्रमुख शैलू (सुजीत) पटेल, गजानंद गुप्ता, मुकेश सराठे, असीम दुबे, भवानी शंकर सतनामी, कुलदीप बर्मन, संजू चक्रवर्ती, सुधीर ताम्रकार आदि शिव सैनिक उपस्थित थे।

हाईटेक रेस्क्यू की जवानों ने सीखीं बारीकियां

मुख्यालय से फरमान मिलते ही शुरू हुआ प्रशिक्षण, आपदाओं से निपटने तैयारियां हुई तेज, विशेषज्ञ टीम दे रही ट्रेनिंग

जबलपुर। क्या हमेशा दूसरों जिलों के ही भरोसे रहेंगे हम? शीर्षक के साथ 7 मई को प्रकाशित खबर का असर दिखने लगा है। गुरूवार को होमगार्ड, एसडीआरएफ के जवानों को हाईटेक रेस्क्यू की बारीकियां सिखाने तीन दिवसीय प्रशिक्षण शुरू कर दिया गया है। प्रशिक्षण के दौरान जवानों को जल आपदा के समय इस्तेमाल होने वाले अत्याधुनिक उपकरणों के संचालन और चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में जीवन बचाने की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया जा रहा है। जवानों को शारीरिक और तकनीकी रूप से सक्षम बनाया जा रहा है। विशेषज्ञ टीम जवानों को ट्रेनिंग दे रही है। ये प्रशिक्षक जवानों को आपदा के दौरान रिस्पॉन्स टाइम कम करने और उपकरणों के सटीक उपयोग का अभ्यास करा रहे हैं।

संभाग के 51 जवान शामिल

होमगार्ड व नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन मुख्यालय, मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देशानुसार, जबलपुर में होमगार्ड, एसडीआरफ जवानों के लिए विशेष प्रशिक्षण का शुभारंभ हुआ है। डिवीजनल कमांडेंट होमगार्ड जबलपुर आशीष खरे के कुशल निर्देशन में आयोजित यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण 7 मई से 9 मई 6 तक संचालित किया जाएगा। प्रशिक्षण में जबलपुर संभाग के विभिन्न जिलों से चयनित 51 जांबाज जवान हिस्सा ले रहे हैं।

आपदा से निपटने के लिए तैयार हो रही रेस्क्यू टीम

इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं, विशेषकर बाढ़ और जल संकट के दौरान जान-माल की रक्षा करना है। इस दौरान जवानों को बेसिक एवं एडवांस तैराकी, जल आपदा के समय उपयोग होने वाले आधुनिक आपदा उपकरणों का संचालन और एडीआरसी का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अनुभवी अधिकारियों की देखरेख में अभ्यास

प्रशिक्षण की पूरी कमान जिला सेनानी एवं प्रशिक्षण प्रभारी नीरज सिंह ठाकुर के हाथों में है। प्रशिक्षण को प्रभावी बनाने के लिए सहायक प्रभारी के रूप में प्लाटून कमांडर पुष्पेंद्र अहिरवार, मनीष लोहट एवं कैलाश सिंगारे (होमगार्ड जबलपुर) सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और प्रशिक्षक भी जवानों को आपदा के दौरान त्वरित कार्रवाई और तकनीकी बारीकियों से अवगत करा रहे हैं।

ईश्वर ऐसा दिन फिर न दिखायें

30 अप्रैल की शाम को बरगी बांध में क्रूज डूबने के बाद जहां जिंदा लाशें तैर रही थी तो परिजन बदहवास होकर किनारों पर दौड़ते रहे, चीखते रहे, तट चीत्कार की गूंज थी। चार दिनों तक रेस्क्यू चला था। बरगी का पानी सिर्फ लाशें उलग रहा था। जिला टीम के हाथ-पांव फूल गए थे और बचाव के लिए आनन-फानन में पड़ोसी पांच जिलों से रेस्क्यू टीमों को बुलानी पड़ गई थी। इस खौफनाक हादसे को जिसने भी देखा, अपनों को खोया, उसकी ईश्वर से बस इतनी ही प्रार्थना है कि हे प्रभु ऐसा दिन फिर किसी को न दिखाना।

कलेक्ट्रेट के दृष्टिबाधित पीयून को सीढ़ी से घसीटा, धमकाते हुए पीटा

एफडी को लेकर विवाद ससुर, साले पर एफआईआर दर्ज

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत शंकर शाह नगर में एफडी को लेकर उपजे विवाद पर ससुर, साले ने कलेक्ट्रेट में पदस्थ दृष्टिबाधित पीयून को सीढ़ी से घसीटते हुए नीचे ले आए और धमकाते हुए उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस ने बताया कि गुरूवार को रघुवीर सिंह राजपूत 51 वर्ष, निवासी शंकर शाह नगर पीडब्लू डी कॉलोनी, ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि वह कलेक्टर कार्यालय में पीयून (चपरासी) के पद पर पदस्थ है। जन्म से ही दृष्टिबाधित है। उसके ससुर सीताराम मालवीय और साला अजय मालवीय उसके निवास पर आये। उसी समय वह दूध लेकर ऊपर जा रहा था, जो उसे पीछे से आवाज लगाकर गाली देते हुए बोले कि तुम बहुत फोन लगाकर एफडी मांगते हो, आज तुम्हारे हाथ-पैर तोड़कर एफडी तुम्हारे परिवार को तुम्हारी लाश दे दूँगा। उसने ससुर और साला से बोला कि पासबुक मेरी है, क्यों नही दोगे, इसी बात पर साला अजय उसे सीढ़ी से घसीटते हुए नीचे लेकर आया और फिर ससुर व साला दोनों ने मिलकर हमला कर उसे चोट पहुंचा दी। दोनों यह बोलकर चले गए कि अब एफडी और पासबुक मांगने के लिए फोन करेगा तो जान से मार देगें।

सूने मकान पर चोरों का धावा लाखों के जेवरात, नगदी पार

जबलपुर। रांझी थाना अंतर्गत रक्षा नगर कॉलोनी में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के कीमती आभूषणों और नगदी पर हाथ साफ कर दिया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, जेडीए ऑफिस के पीछे रक्षा नगर बड़ा पत्थर निवासी सुमित कुमार गुप्ता (32) निजी कार्य करते हैं। वे अपने घर पर ताला लगाकर सपरिवार अपने ससुराल सिवनी (छपारा) गए हुए थे। जब वापस लौटे, तो घर का मुख्य दरवाजा खोलने के बाद अंदर का नजारा देखकर उनके होश उड़ गए। अज्ञात चोर छत पर बने टावर का दरवाजा तोड़कर घर के अंदर दाखिल हुए। चोरों ने कमरे में रखी अलमारी का लॉक तोड़ा और उसमें रखे सारे कीमती गहने और नगद रुपए बटोर कर रफूचक्कर हो गए। चोर सोने का 1 तोला मंगलसूत्र, 15 ग्राम का हार, 5 अंगूठियां, 10 ग्राम की चेन, झुमकी व कनछड़ी 9 ग्राम और बच्चों के गहने समेत चांदी के जेवरात, अलमारी में रखे 35,000 रुपये नगद चुराकर ले गए है।

रानी लक्ष्मी बाई वार्ड का निरीक्षण करने पहुंचे निगमायुक्त

नवभारत,जबलपुर। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने गुरूवार को रानी लक्ष्मी बाई वार्ड का सघन दौरा कर स्वच्छता व्यवस्थाओं और जन-सुविधाओं का जायजा लिया। इस निरीक्षण की खास बात निगमायुक्त का खेल प्रेम और बच्चों के साथ सीधा संवाद रहा, जिसने वार्ड वासियों का दिल जीत लिया। निरीक्षण के दौरान जब निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार की नजर खेल रहे बच्चों पर पड़ी, तो वे खुद को रोक नहीं पाए। उन्होंने बच्चों के बीच पहुंचकर न केवल उनके साथ स्वच्छता क्रिकेट खेला, बल्कि शानदार बल्लेबाजी करते हुए कई चैके-छक्के भी लगाए। खेल के बाद उन्होंने बच्चों के साथ स्वच्छता संवाद किया, जिसमें उन्होंने नन्हे नागरिकों को शहर को साफ रखने में उनकी भूमिका के बारे में समझाया। निरीक्षण के दौरान स्थानीय पार्षद कृष्णा दास ने वार्ड की प्रमुख आवश्यकताओं से निगमायुक्त को अवगत कराया। इस अवसर पर निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त देवेन्द्र सिंह चैहान, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, संभागीय यंत्री अभिषेक तिवारी आदि उपस्थित रहे।

हत्या करने पत्नी पर बकानुमा चाकू से वार

जबलपुर। घमापुर थाना अंतर्गत शुक्ला होटल के पास बीती रात शराबी पति ने हत्या करने के इरादे से पत्नी पर बकानुमा चाकू से हमला कर दिया । घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक निकिता यादव 26 वर्ष निवासी शुक्ला होटल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके पहले पति से तलाक होने के करीब 8 माह बाद, उसने अपने पहचान के राजा वंशकार के साथ मंदिर में हिन्दू रीति रिवाज से विवाह किया था। वह राजा के दोनों बच्चे और उसकी एक बच्ची के साथ उसके घर में रहती है। राजा शराब पीने का आदी है। शराब पीकर घर आकर उसके व बच्चों के साथ मारपीट करता है बच्चों के बारे में सोचकर वह शिकायत नहीं करती थी। बीती रात करीब 02:30 बजे पति राजा आया और खाना मांगने

लगा वह बोली कि घर में कुछ खाने के लिये नहीं है, पूरे दिन शराब पीकर यहां वहां घूमते रहते हो कोई काम नही करते हो तब पति राजा ने विवाद करते हुए पूजा स्थल में रखा बका नुमा चाकू उठाया और जान से मारने की नियत से उसे मारा उसने अपने बचाव में अपने दोनों हाथ आगे किये तो उक्त चाकू उसके दाहिने हाथ में मार दिया। जिससे उसे चोटें आ गई। पुलिस ने हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर आरोपी राजा वंशकार 33 वर्ष को गिरफ्तार कर चाकू जब्त कर लिया है। आरोपी को शुक्रवार को न्यायालय के समक्ष पेश किया जायेगा।

53 अधिकारी-कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

राजस्व वसूली अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने पर मिला सम्मान

नवभारत,जबलपुर। नगर निगम द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान राजस्व वसूली अभियान में रिकॉर्ड सफलता हासिल करने वाले कर्मठ अधिकारियों और कर्मचारियों के सम्मान में एक भव्य पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। नगर निगम के मानस भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, राजस्व प्रभारी डॉ. सुभाष तिवारी और निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने संयुक्त रूप से 53 उत्कृष्ट कर्मचारियों को उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुरस्कृत किया।

महापौर एवं निगमायुक्त ने बताया कि राजस्व लक्ष्यों को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अमले को उनके प्रदर्शन के आधार पर तीन श्रेणियों में सम्मानित किया गया। प्रथम श्रेणी में 5 अधिकारियों को उनकी असाधारण उपलब्धि के लिए आई-पैड देकर सम्मानित किया गया, द्वितीय श्रेणी में 16 कर्मचारियों को उनकी सक्रियता के लिए स्मार्ट वॉच प्रदान की गई एंव तृतीय श्रेणी में 32 अन्य उत्कृष्ट कर्मियों को वाटर बोतल भेंट कर प्रोत्साहित किया गया। पुरस्कार पाने वालों में संभागीय अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक और करसंग्रहक शामिल रहे।

परेशानी | गड्ढों वाली सड़क से आम जनता परेशान

शहर के मुख्य बाजारों की सड़कें बनीं मुसीबत

नवभारत, जबलपुर। शहर के सबसे व्यस्त और भीड़भाड़ वाले इलाकों में से एक तुलाराम चौक, विक्टोरिया मार्केट और करमचंद चौक (मढ़ाताल) की सड़कें इन दिनों अपनी बदहाल स्थिति के कारण लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई हैं। ये सड़के पूरी तरह से उखड़ चुकी है, जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं और कई स्थानों पर उन गड्ढों पर कीचड़ जमा हो गया है। दिन के समय जहां भारी ट्रैफिक इस समस्या को और बढ़ा देता है वही खराब सड़क की वजह से ट्रैफिक की रफ्तार धीमी हो जाती है और जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार वाहन चालक गड्ढों से बचने के चक्कर में अचानक ब्रेक लगाते हैं या दिशा बदलते हैं, जिससे टक्कर का खतरा और बढ़ जाता है।

गड्ढों में भरता पानी, चमक पड़ी फीकी

स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि विक्टोरिया मार्केट और मढ़ाताल जैसे प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में खराब सड़क का सीधा असर हम दुकानदारों पर पड़ रहा है। ग्राहकों को आने-जाने में दिक्कत होती है, जिससे बाजार की रौनक भी फीकी पड़ने लगी है। इतने महत्वपूर्ण स्थानों की सड़कें खराब होने के बावजूद जिम्मेदार अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाए हैं। अस्थायी मरम्मत भी कहीं नजर नहीं आती, जिससे यह स्पष्ट होता है कि समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। राहगीरों और दुकानदारों ने यह भी बताया कि बरसात के समय यही गड्ढे पानी से भर जाते हैं और उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका और बढ़ जाती है। कई जगहों पर तो सड़क इतनी खराब है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है।